**भारत सरकार**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या: 4354**
**दिनांक 20 दिसम्बर, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

## जनजातीय बच्चों का टीकाकरण कवरेज

**4354. श्री अप्पलनायडू कलिसेट्टी:**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में 0-6 वर्ष आयु वर्ग के जनजातीय बच्चों के लिए टीकाकरण कवरेज तथा इसी आयु वर्ग के गैर-जनजातीय बच्चों के लिए टीकाकरण कवरेज का राज्य/संघ राज्यक्षेत्रवार ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या उक्त दोनों समूहों के बीच कोई असमानता है तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) जनजातीय बच्चों में टीकाकरण दर कम होने के लिए उत्तरदायी कारक क्या हैं;
(घ) सरकार द्वारा 0-6 वर्ष आयु वर्ग के जनजातीय बच्चों हेतु, विशेषकर दूरदराज या कम सुविधा वाले क्षेत्रों में टीकाकरण कवरेज में सुधार के लिए अन्य क्या कदम उठाए गए हैं; और
(ङ) देश में पिछले तीन वर्षा के दौरान सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम (यूआईपी) के अंतर्गत टीकाकरण का लाभ प्राप्त करने वाले जनजातीय बच्चों की राज्य/संघ राज्यक्षेत्रवार संख्या कितनी है?

**उत्तर**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्यमंत्री**
**(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)**

(क) से (ग) और (ङ): सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम (यूआईपी) के तहत, आदिवासी और गैर-आदिवासी क्षेत्रों सहित देश के सभी जिलों में 0 से 5 वर्ष, 10 वर्ष और 16 वर्ष की आयु के सभी बच्चों को बारह (12) वैक्सीन रोकथाम योग्य बीमारियों से बचाने के लिए ग्यारह (11) टीके निःशुल्क प्रदान किए जाते हैं। पिछले तीन वर्षों में पूर्ण टीकाकरण कवरेज (एफआईसी) का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार प्रतिशत **अनुलग्नक** में संलग्न है।

(घ): जनजातीय क्षेत्रों और दूरदराज वाले या कम टीकाकरण वाले क्षेत्रों सहित पूरे देश में टीकाकरण कवरेज में सुधार के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदम इस प्रकार हैं:

i. मिशन इंद्रधनुष, सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम के तहत कम टीकाकरण कवरेज वाले क्षेत्रों में चलाया विशेष टीकाकरण अभियान जाता है, ताकि जनजातीय और पहुंच से दूर वाले

क्षेत्रों सहित छूटे हुए और टीकाकरण से वंचित बच्चों और गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया जा सके।

ii. पल्स पोलियो कार्यक्रम के हिस्से के रूप में राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस (एनआईडी) जैसे विशेष टीकाकरण अभियान हर साल चलाए जाते हैं।

iii. राज्यों को जनजातीय/पहाड़ी और दुर्गम क्षेत्रों में प्रति 1000 जनसंख्या पर एक आशाकर्मी के मानदंड में छूट प्रदान करके प्रति निवास स्थान पर एक आशाकर्मी करने की छूट है।

iv. टीकाकरण कवरेज में सुधार के उपायों के रूप में समर्थन, सामाजिक लामबंदी, सामुदायिक सहभागिता, परिवार स्तर पर अंतर-व्यक्तिगत संचार और मीडिया सहभागिता जैसे कार्यनीतिक अंतक्षेप किए जाते हैं।

v. टीकाकरण संबंधी राज्य कार्यबल (एसटीएफआई), टीकाकरण संबंधी जिला कार्यबल (डीटीएफआई) और टीकाकरण संबंधी ब्लॉक कार्यबल (बीटीएफआई) भी नियमित रूप से चलाए जाने वाले अभियानों के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करते हैं।

दिनांक 20/12/2024 को उत्तर के लिए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 4354 के उत्तर के भाग (क) से (ग) और (ङ) में संदर्भित अनुलग्नक

अनुलग्नक

राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार पूर्ण टीकाकरण कवरेज **(%)**

एचएमआईएस 2022-23 से 2024-25*

| राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | 2022-2023 | 2023-2024 | 2024-2025* |
|---|---|---|---|
| **भारत** | **94.7** | **93.5** | **93.8** |
| अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 86.3 | 82.7 | 89.6 |
| आंध्र प्रदेश | 102.5 | 101.5 | 101.8 |
| अरुणाचल प्रदेश | 81.5 | 80.1 | 80.7 |
| असम | 85.5 | 85.4 | 81.8 |
| बिहार | 92.3 | 83.7 | 90.2 |
| चंडीगढ़ | 101.8 | 99.6 | 96.3 |
| छतीसगढ़ | 96.7 | 96.7 | 90.9 |
| दिल्ली | 94.2 | 105.7 | 105.1 |
| गोवा | 90.6 | 91.9 | 88.7 |
| गुजरात | 92.6 | 95.5 | 95.2 |
| हरियाणा | 94.3 | 92.1 | 91.5 |
| हिमाचल प्रदेश | 87.6 | 84.9 | 85.0 |
| जम्मू और कश्मीर | 116.7 | 111.2 | 103.1 |
| झारखंड | 93.6 | 97.7 | 98.5 |
| कर्नाटक | 97.3 | 99.1 | 96.8 |
| केरल | 89.9 | 86.7 | 78.5 |
| लद्दाख | 100.8 | 92.6 | 105.4 |
| लक्षद्वीप | 86.0 | 108.8 | 95.4 |
| मध्य प्रदेश | 95.0 | 93.8 | 91.1 |
| महाराष्ट्र | 105.4 | 101.3 | 104.6 |
| मणिपुर | 79.3 | 83.9 | 83.7 |
| मेघालय | 96.4 | 96.8 | 94.5 |
| मिज़ोरम | 99.2 | 101.5 | 101.6 |
| नागालैंड | 60.4 | 62.9 | 66.7 |
| ओडिशा | 88.5 | 82.7 | 79.2 |
| पुद्दुचेरी | 63.7 | 60.1 | 60.3 |
| पंजाब | 98.1 | 94.3 | 94.9 |
| राजस्थान | 77.1 | 76.7 | 79.9 |
| सिक्किम | 64.6 | 65.8 | 68.3 |
| तमिलनाडु | 90.2 | 86.5 | 85.2 |
| तेलंगाना | 110.5 | 106.7 | 110.7 |
| दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव | 51.2 | 48.0 | 43.4 |
| त्रिपुरा | 98.9 | 98.4 | 92.1 |
| उत्तराखंड | 95.1 | 94.7 | 92.9 |
| उत्तर प्रदेश | 99.2 | 99.3 | 99.0 |
| पश्चिम बंगाल | 91.7 | 98.2 | 97.6 |

* अप्रैल-अक्टूबर, 2024 से 2 दिसंबर 2024 तक के अनुसार

*****